समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# स्वच्छता और पवित्रता ही वर्तमान की प्राथमिकता है

*धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान के अवसर पर झोन क्रमांक –1 व 3 के स्वच्छता प्रेमियों का सम्मान किया गया। नगर निगम आयुक्त ने कचरे को अलग–अलग ड़स्टबिन में एकत्र करने वाले व्यापारी बंधुओं का आभार माना,वार्ड के रहवासियों को स्वच्छता एप से भी अवगत कराया*

रतलाम 04 दिसम्बर । कोई एक व्यक्ति पूरे शहर को साफ नहीं कर सकता है इसलिए हम सबको मिलकर ही अपने आस पास की सफाई करनी होगी। हमें चाहिए कि शहरवासी विशेषकर व्यापारी बंधु खुले में कुड़ा करकट न फेंके। नगर निगम ने भी जगह जगह पर कुड़ेदान लगवाए कै ताकि लोग सडक् पर कूड़ा न फेंके और घरों और दुकानों का गीला व सूखा कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले। ऐसा खुद भी करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।

उक्त विचार नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने व्यक्त किए। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के परीणामों के बाद संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के निदेंश पर आयोजित धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान के तहत शनिवार को शहर के चारों झोन अनेक वार्डो में स्थित दुकानों पर जाकर उन व्यापारी बंधुओं का सम्मान किया गया जो अपने दुकान–प्रतिष्ठानों का कचरा अलग–अलग डस्टबिनों में एकत्र कर इसका निपटान कचरा संग्रहण वाहन के अलग–अलग खानों में ही करते है। इस अवसर पर निगमकर्मियों और सफाई मित्र समूह की टीम ने व्यापारियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। इसके बाद इन्हे फुलमालाओं के साथ मिठाई व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन दुकानों में कचरे का सही निपटान और स्वच्छता को महत्व दिया जा रहा है, वहां स्वच्छता का संदेश देने वाली आकर्षक रांगोली का निर्माण भी किया गया।

धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान के तहत लोगों को जागरुक करने के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में आए बेहतर परिणामों के लिए सफाई मित्र, नागरिकों, व्यापारी बंधुओं, विभिन्न संस्थाओं के साथ ही स्वच्छागृहीगणों आदि का सम्मान किया जाना है। इसी कड़ी में आज स्वच्छता में सहयोग करने वाले व्यापारियों का सम्मान उनके प्रतिष्ठानों पर पहुच कर किया गया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने का आव्हान भी किया गया।। सफाई मित्र समूह द्वारा कचरामुक्त स्थलों व सार्वजनिक स्थानों पर आकर्षक रांगोलियों का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।
कार्यक्रमों के दौरान आयुक्त श्री झारिया ने कहां यह शहर मातृभूमि है। इसलिए इसे साफ सुथरा रखना हर किसी का दायित्व है। कुछ प्रतिशत व्यापारी ऐसे भी है जो अपने दुकानों से निकले कचरे का निपटान सडक् पर दुकान के पायदान के नीचे बनी नालियों में करते आ रहे है, जो कानूनन रुप से भी अपराध की श्रेणी में आता है। इस कचरे से नालियां जाम होती है और इसके कारण बरसात के दिनों में पूरे शहर को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

उन्होने कहां कि आज विचारणीय प्रश्न है कि शहरवासी साफ–सफाई के मामले में भी पिछड़े हुए क्यों हैं? बल्कि हम उस समृद्धि और गौरवशाली भारतीय संस्कृति के अनुयाई है इसका मुख्य उद्देश्य सदा 'पवित्रता' और 'शुद्धि' रहा है, यह सही है कि चरित्र की शुद्धि और पवित्रता बहुत आवश्यक है, लेकिन बाहर की सफाई भी उतनी ही आवश्यक है।

श्री झारिया ने कहां कि स्वच्छ परिवेश का प्रतिकूल प्रभाव हमारे मन–मस्तिष्क पर पड़ता है, उसी प्रकार एक स्वच्छ और सुंदर व्यक्तित्व का विकास भी स्वच्छ और पवित्र परिवेश में ही संभव है। अतः अंतकरण की शक्ति का मार्ग बाहरी जगत की शुद्धि और स्वच्छता से होकर ही गुजरता है।

श्री झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि घर और दुकानों से निकले कचरे का निपटान कचरा संग्रहण वाहन के अलग–अलग हिस्सों में ही करे। स्वच्छता के प्रति नागरिकों

